वैशाख कृष्ण पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 16 अप्रैल 2025
वर्ष 6, अंक 145, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

PAGE NO 5 : MIDDLE

# मुकुंद इंटरनेशनल और जीआरएम ने जीते मैच




अबू जफर खान को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देते अतिथि।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- श्रीराममूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 6
- जीके सिटी मांटेसरी स्कूल और सेंट फ्रांसिस स्कूल को मिली हार

**अमृत विचार:** श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 6 के सातवें दिन मंगलवार को दो मैच खेले गए।

टूर्नामेंट के 12वें मैच में जीके सिटी मांटेसरी स्कूल के कप्तान यश शर्मा ने टॉस जीतकर पहले मुकुंद इंटरनेशनल को बल्लेबाजी का न्यौता दिया। मुकुंद की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 127 रन बनाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी जीके सिटी मांटेसरी की पूरी टीम 14 ओवर में 75 रन ही बना सकी और मुकुंद इंटरनेशनल ने 52 रन से मैच जीत लिया। तीन विकेट लेने और 21 रन बनाने पर मुकुंद इंटरनेशनल के अबू जफर को मैन आफ द मैच चुना गया।

13वें मैच में सेंट फ्रांसिस कॉन्वेंट स्कूल के कप्तान अमृत ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन पूरी टीम 12.2 ओवर में 88 रन बना कर पैवेलियन लौट गई। मृदुल रावत और दीपक अरोरा ने 3-3 और शिव आनंद ने 2 विकेट लिए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी जीआरएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल टीम की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही लेकिन टीम ने 16 ओवर में दो विकेट से मैच जीत लिया। तीन विकेट लेने और 12 रन बनाने पर जीआरएम के मृदुल रावत को मैन आफ द मैच चुना गया।